Std. IV. Hindi Lit. L-13

सबसे उज्ज्वल कौन ?

शब्दार्थ

बादशाह -- सम्राट , राजा

निर्णय -- फ़ैसला

बुद्धिमत्ता -- समझदारी

अन्न -- अनाज

मानव -- मनुष्य

पशु -- जानवर

प्रश्न और उत्तर

प्रश्न 1.अकबर कौन थे ?

उत्तर -- अकबर एक मुगल बादशाह थे ।

प्रश्न 2. दरबारियों ने दूध , बर्फ़ , कपास के फूल और चाँदी को उज्ज्वल क्यों कहा होगा ?

उत्तर -- दरबारियों ने दूध , बर्फ़, कपास के फूल और चाँदी को उज्ज्वल इसलिए कहा क्योंकि ये सफ़ेद रंग के होते हैं।

प्रश्न 3. बीरबल ने अपना काम चुपचाप क्यों किया ?

उत्तर-- अपनी बात को सच साबित करने के लिए बीरबल ने अपना काम चुपचाप किया ।

प्रश्न 4.अकबर ने कौन - सा सवाल सबके सामने रखा ?

उत्तर -- अकबर ने सबके सामने यह सवाल रखा कि सबसे उज्ज्वल क्या होता है ?

प्रश्न 5.बीरबल ने सूरज की रोशनी को सबसे उज्ज्वल क्यों माना ?

उत्तर-- बीरबल ने सूरज की रोशनी को सबसे उज्ज्वल माना क्योंकि सूरज की रोशनी ही अँधेरे को दूर कर हमें देखने की क्षमता प्रदान करती है।

प्रश्न 6.बीरबल ने अपनी बात साबित करने के लिए क्या किया ?

उत्तर-- बीरबल अपनी बात सच साबित करने के लिए राजमहल गए । जब बादशाह अकबर अपने शयनकक्ष में आराम कर रहे थे तब बीरबल ने एक कटोरा दूध और दो-चार खिले हुए कपास के फूल उनके कमरे के दरवाज़े पर चुपचाप रख दिए । अँधेरे में बादशाह ये सभी वस्तुएँ न देख पाए और इस प्रकार बीरबल ने सिद्ध कर दिया कि सूरज की रोशनी ही सबसे उज्ज्वल होती है ।

प्रश्न 7.सूरज हमारे लिए क्यों आवश्यक है ?

उत्तर-- सूरज हमारे लिए बहुत आवश्यक है क्योंकि यह हमें रोशनी और गर्मी देता है । इसी से धरती पर पेड़ - पौधे उगते हैं ,अनाज पैदा होता है तथा फूलों से सुगंध आती है और पशु - पक्षी व मानव जगत प्रसन्न रहता है।

भाषा संसार

प्रश्न 1. इन शब्दों के दो- दो पर्यायवाची शब्द लिखें ।

दूध --- दुग्ध , अमृत

कपास --- रूई , तंतु

बादशाह -- नरेश , राजा

सूरज --- सूर्य , दिनकर

चाँदनी --- ज्योत्सना , चंद्रिका

प्रश्न 2. इन शब्दों के विलोम शब्द लिखें।

रोशनी ×अँधेरा

प्रशंसा × निंदा

धरती × आकाश

सुखद × दुखद

उज्ज्वल × मलिन